रविवासरीय
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO : 07 MIDDLE

# तीन वर्षों में 120 नाटकों का रिद्धिमा में मंचन: देवमूर्ति

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। चौथे स्थापना दिवस पर एसआरएमएस रिद्धिमा में फोटोग्राफी कोर्स आरंभ हुआ। इसके लिए बने स्टूडियो का उद्घाटन संस्था के चेयरमैन देव मूर्ति और आदित्य ने किया। स्टेडियम रोड पर स्थित रिद्धिमा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शनिवार को ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने पिता स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री समाजसेवी श्रीराम मूर्ति को याद किया। उन्होंने कहा कि विजुअल आर्ट को बढ़ावा देने के लिए रिद्धिमा में फोटोग्राफी कोर्स आरंभ किया गया है। इसके तहत 3 और 6 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। देव मूर्ति ने कहा कि पिछले तीन वर्ष में रिद्धिमा में 120 नाटकों का मंचन हुआ। कथक के 30, भरतनाट्यम के 21, वादन और गायन के 36 कार्यक्रम यहां आयोजित हुए। स्थापना के बाद से ही यहां थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष में नाटकों का मंचन किया जा रहा है। इससे पहले मां शारदे की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ स्थापना दिवस कार्यक्रम आरंभ हुआ। चौथे स्थापना दिवस पर उषा गुप्ता ने रिबन काटकर फाइन आर्ट्स प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुज कुमार ने किया। समारोह में पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, श्यामल गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।